# जनता कालेज बकेवर के संस्थापक सेक्रेट्री श्री आनन्द स्वरूप मिश्र जयन्ती समारोह के अवसर पर पूर्व छात्र समिति द्वारा आयोजित निःशुल्क मल्टीस्पेशलिटी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर




जनता कालेज बकेवर के संस्थापक सेक्रेट्री श्री आनन्द स्वरूप मिश्र जयन्ती समारोह के अवसर पर पूर्व छात्र समिति द्वारा आयोजित निःशुल्क मल्टीस्पेशलिटी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के उद्घाटन सत्र के दौरान मंच पर आसीन डॉ. एस. के. तनेजा (वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी (प्राचार्य, जनता कालेज बकेवर), डॉ. प्रभात कुमार सिंह (कुलपति, उ.प्र. आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई इटावा), (पालीवाल डायगनोस्टिक कानपुर), श्री अरविन्द कुमार मिश्र (सेक्रेट्री, प्रबन्ध समिति जनता कालेज बकेवर)



जनता कालेज बकेवर के संस्थापक सेक्रेट्री श्री आनन्द स्वरूप मिश्र जयन्ती समारोह के अवसर पर पूर्व छात्र समिति द्वारा आयोजित निःशुल्क मल्टीस्पेशलिटी स्वास्थ परीक्षण शिविर के उद्घाटन सत्र के दौरान जनता कालेज के प्रचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी दीप प्रज्जवलित करते हुये।

जनता कालेज बकेवर के संस्थापक सेक्रेट्री श्री आनन्द स्वरूप मिश्र जयन्ती समारोह के अवसर पर पूर्व छात्र समिति द्वारा आयोजित निःशुल्क मल्टीस्पेशलिटी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के अवसर पर मेदान्ता द मेडीसिटी हॉस्पिटल, गुरूग्राम से पधारे वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. एस. के. तनेजा व उनकी सहयोगी टीम को कालेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी प्रतीक चिन्ह भेंट करते हुये।






जनता कालेज बकेवर के संस्थापक सेक्रेट्री श्री आनन्द स्वरूप मिश्र जयन्ती समारोह के अवसर पर पूर्व छात्र समिति द्वारा आयोजित निःशुल्क मल्टीस्पेशलिटी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के अवसर पर **इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों** को कालेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी प्रतीक चिन्ह भेंट करते हुये।

जनता कालेज बकेवर के संस्थापक सेक्रेट्री श्री आनन्द स्वरूप मिश्र जयन्ती समारोह के अवसर पर पूर्व छात्र समिति द्वारा आयोजित निःशुल्क मल्टीस्पेशलिटी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के उद्घाटन सत्र के दौरान **उपस्थित आगंतुक व् छात्र-छात्राये**।



# विभिन्न अखबारों में प्रकाशित खबरे

राष्ट्र पटल

इटावा, शनिवार 29 अक्टूबर 2022

# जनमानस के आरोग्य एवं स्वास्थ्य–रक्षण हेतु प्रतिबद्ध जनता कॉलेज का प्रयास सदैव प्रासंगिक : डा. प्रभात कुमार

## जनता कालेज में मल्टी स्पेशलिटी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में जुड़े प्रख्यात चिकित्सक




**युवराज सिंह चौहान**

बकेवर (इटावा)। जनता कॉलेज बकेवर के संस्थापक सेक्रेटरी आनंद स्वरुप मिश्र जयंती समारोह के अवसर पर पूर्व छात्र समिति जनता कालेज बकेवर के संयोजन में मेदांता द मेडिसिटी हॉस्पिटल गुरुग्राम, हरियाणा, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन इटावा एवं पालीवाल डायग्नोस्टिक कानपुर के संयुक्त सहयोग से एक नि:शुल्क मल्टी स्पेशलिटी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन शुभारंभ डॉ प्रभात कुमार सिंह, कुलपति उ.प्र.आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई, इटावा के मुख्य आतिथ्य में कालेज प्रबंध समिति सचिव अरविन्द कुमार मिश्र, प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी एवं कुलदीप अवस्थी सचिव पूर्व छात्र समिति के कुशल नेतृत्व में सरस्वती पूजन के साथ किया गया।

मुख्य अतिथि डा. प्रभात कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में जनता कॉलेज बकेवर द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर के द्वारा आम जनमानस के आरोग्य एवं स्वास्थ्य–रक्षण हेतु प्रतिबद्ध जनता कॉलेज बकेवर के प्रयास को प्रासंगिक बताते हुए प्रशंसा की और कहा कि इस तरह का प्रयास अन्य शिक्षण संस्थानों को अनुकरणीय रूप से अनुपालन करना चाहिए।

शिविर में मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम से पधारे वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा. एस.के. तनेजा, वरिष्ठ श्वांस रोग विशेषज्ञ डा. राहुल आदि के साथ आइएमए इटावा के वरिष्ठ चिकित्सक डा. डी.के. दुबे, डा. सी.एस. दुबे, डा. ममता सिंह, डा. प्रमिला कुमारी, डा. मीनल मेहरोत्रा, डा. कुश मेहरोत्रा, डा. निशांत शर्मा, डा. विकास वर्मा, श्री प्रवीण त्रिपाठी, अक्षय आदि चिकित्सकों ने 900 से अधिक मरीजो का नि:शुल्क परीक्षण किया गया, जिसमें हृदय रोग के लगभग 300 मरीजों का परीक्षण, श्वास रोग के लगभग 200 मरीज देखे गए, दंत रोग के 55, स्त्री रोग 86, त्वचा रोग 43, नेत्र रोग 103, हड्डी रोग विशेषज्ञ 77 आदि सहित अन्य मरीजों सहित कुल 982 मरीजों का परीक्षण किया गया। परीक्षण के उपरांत जरूरतमंद मरीजों को दवा वितरण किया गया, शिविर में ईसीजी, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, बीएमडी, नेत्र रेटिना आदि की नि:शुल्क जांचें की गई।

इस अवसर पर मेदांता समूह द्वारा सभी पंजीकरण कराने वाले रोगियों को विशेष लाभ प्रदान करने की घोषणा की गई, जिसके लिए आयोजित इस शिविर की मुहर लगाना आवश्यक है। शिविर का समापन अतिथिगण चिकित्सकों को जनता कॉलेज बकेवर परिवार द्वारा अंग वस्त्र ओढ़ाकर तथा प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, मेदांता समूह के साथ आई एम ए इटावा को प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। 15 से अधिक विभिन्न बीमारियों से संबंधित निशुल्क परामर्श वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा प्रदान करने पर क्षेत्रवासियों द्वारा बाहर से आए हुए सभी चिकित्सको की सराहना की एवम् उनका आभार व्यक्त किया गया। शिविर के आयोजन में श्री अभिजीत जी वाइस प्रेसिडेंट मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम, श्री पुनीत श्रीवास्तव जनरल मैनेजर मेदांता हॉस्पिटल, श्री गोपाल तिवारी जी एवं मेडी आर्या फार्मेसी की विशेष भूमिका रही।

प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने पूर्व छात्र समिति के कार्यकारिणी सदस्यों ,एन सी सी केडेट्स, एन एस एस के वॉलिंटियर छात्र-छात्राओं सहित विभिन्न विभागों के छात्र छात्राओ एवं कॉलेज परिवार के सभी सहयोगियों के द्वारा दिन भर मेहनत करके कार्यक्रम को बेहद सफल बनाने के लिए विशेष धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय गणमान्य लोगों की उपस्थित रही ।

# शिविर में 982 मरीजों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**संवाद सूत्र, बकेवर :** जनता कालेज बकेवर के संस्थापक सेक्रेटरी आनंद स्वरूप मिश्र के जयंती समारोह के अवसर पर पूर्व छात्र समिति के संयोजन में निश्शुल्क मल्टी स्पेशियलिटी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 982 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें हृदय रोग के लगभग 300 मरीज, श्वास रोग के लगभग 200 मरीज देखे गए। दंत रोग के 55, स्त्री रोग 86, त्वचा रोग 43, नेत्र रोग के 103, हड्डी रोग के 77 मरीज शामिल थे। परीक्षण के उपरांत जरूरतमंद मरीजों को दवा वितरण किया गया। ईसीजी, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, बीएमडी, नेत्र रेटिना आदि की निश्शुल्क जांचें की गई।



जनता कालेज में उप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के कुलपति प्रो. प्रभात सिंह ( बाएं से तीसरे ) को सम्मानित करते प्राचार्य राजेश किशोर त्रिपाठी, डा. सीएस दुबे व डा. ममता सिंह ● जागरण

शिविर का शुभारंभ उप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के कुलपति डा. प्रभात कुमार सिंह ने किया। मेदांता द मेडिसिटी हास्पिटल गुरुग्राम, हरियाणा, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन इटावा एवं पालीवाल डायग्नोस्टिक कानपुर के संयुक्त सहयोग से कालेज प्रबंध समिति सचिव अरविंद कुमार मिश्र, प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी एवं पूर्व छात्र समिति सचिव कुलदीप अवस्थी की देखरेख में आयोजित शिविर में मेदांता हास्पिटल से आए वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा. एसके तनेजा, वरिष्ठ स्वांस रोग विशेषज्ञ डा. राहुल आदि के साथ आइएमए के वरिष्ठ चिकित्सक डा. डीके दुबे, डा. सीएस दुबे, डा. ममता सिंह, डा. प्रमिला कुमारी, डा. मीनल मेहरोत्रा, डा. कुश मेहरोत्रा, डा. निशांत शर्मा, डा. विकास वर्मा, प्रवीण त्रिपाठी आदि चिकित्सकों ने परीक्षण किया।

शिविर के आयोजन में अभिजीत वाइस प्रेसिडेंट मेदांता हास्पिटल, पुनीत श्रीवास्तव जनरल मैनेजर मेदांता हास्पिटल, गोपाल तिवारी एवं मेडी आर्या फार्मेसी की विशेष भूमिका रही।

---

**सेहत** | **जनता कॉलेज में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 982 मरीजों की जांच**

# हृदय और सांस रोगियों को दिया परामर्श

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बकेवर।** जनता कॉलेज बकेवर के संस्थापक सेक्रेटरी स्व. आनंद स्वरूप मिश्र की जयंती पर पूर्व छात्र समिति की ओर से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 982 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें 300 हृदय रोगी और 200 सांस के मरीज रहे।



**शिविर का शुभारंभ करते सैफई आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रभात कुमार सिंह।**



**मरीजों को देखतीं स्त्री रोग विशेषज्ञ।** संवाद

शिविर में मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन इटावा के चिकित्सकों ने मरीजों का इलाज किया। कानपुर के पालीवाल डायग्नोस्टिक सेंटर की ओर से खून, ब्लड प्रेशर और ईसीजी आदि जांचें की गईं। शिविर का शुभारंभ उप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के कुलपति मुख्यअतिथि डॉ. प्रभात कुमार सिंह ने किया।

उन्होंने जनता कॉलेज के प्रयासों की सराहना की। शिविर में वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. एसके तनेजा, वरिष्ठ सांस रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल, आइएमए इटावा के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. डीके दुबे, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सीएस दुबे, डॉ. ममता सिंह, डॉ. प्रमिला कुमारी मौजूद रहीं। डॉ. मीनल मेहरोत्रा, डॉ. कुश मेहरोत्रा, डॉ. निशांत शर्मा, डॉ. विकास वर्मा ने भी परामर्श दिया।

चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। शिविर में वाइस प्रेसिडेंट मेदांता हॉस्पिटल अभिजीत, जनरल मैनेजर मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ पुनीत श्रीवास्तव, कानपुर के राहुल शुक्ला, गोपाल तिवारी, मेदांता के डॉ. एसके तनेजा, कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव अरविंद कुमार मिश्र, प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी, पूर्व छात्र समिति के सचिव कुलदीप अवस्थी आदि मौजूद रहे।

कागज प्राप्त हुए हैं।

खूब मारामारी हो रही है। इनमें

# शिविर में 982 मरीजों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



जनता कालेज में उप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के कुलपति प्रो. प्रभात सिंह ( बाएं से तीसरे ) को सम्मानित करते प्राचार्य राजेश किशोर त्रिपाठी, डा. सीएस दुबे व डा. ममता सिंह ● जागरण

**संवाद सूत्र, बकेवर** : जनता कालेज बकेवर के संस्थापक सेक्रेटरी आनंद स्वरूप मिश्र के जयंती समारोह के अवसर पर पूर्व छात्र समिति के संयोजन में निश्शुल्क मल्टी स्पेशियलिटी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 982 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें हृदय रोग के लगभग 300 मरीज, श्वास रोग के लगभग 200 मरीज देखे गए। दंत रोग के 55, स्त्री रोग 86, त्वचा रोग 43, नेत्र रोग के 103, हड्डी रोग के 77 मरीज शामिल थे। परीक्षण के उपरांत जरूरतमंद मरीजों को दवा वितरण किया गया। ईसीजी, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, बीएमडी, नेत्र रेटिना आदि की निश्शुल्क जांचें की गई।

शिविर का शुभारंभ उप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के कुलपति डा. प्रभात कुमार सिंह ने किया। मेदांता द मेडिसिटी हास्पिटल गुरुग्राम, हरियाणा, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन इटावा एवं पालीवाल डायग्नोस्टिक कानपुर के संयुक्त सहयोग से कालेज प्रबंध समिति सचिव अरविंद कुमार मिश्र, प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी एवं पूर्व छात्र समिति सचिव कुलदीप अवस्थी की देखरेख में आयोजित शिविर में मेदांता हास्पिटल से आए वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा. एसके तनेजा, वरिष्ठ स्वांस रोग विशेषज्ञ डा. राहुल आदि के साथ आइएमए के वरिष्ठ चिकित्सक डा. डीके दुबे, डा. सीएस दुबे, डा. ममता सिंह, डा. प्रमिला कुमारी, डा. मीनल मेहरोत्रा, डा. कुश मेहरोत्रा, डा. निशांत शर्मा, डा. विकास वर्मा, प्रवीण त्रिपाठी आदि चिकित्सकों ने परीक्षण किया।

शिविर के आयोजन में अभिजीत वाइस प्रेसिडेंट मेदांता हास्पिटल, पुनीत श्रीवास्तव जनरल मैनेजर मेदांता हास्पिटल, गोपाल तिवारी एवं मेडी आर्या फार्मेसी की विशेष भूमिका रही।

दैनिक जागरण हैलो डॉक्टर

चक मार्ग को खुलवाया जाए

REDMI NOTE 6 PRO



मुख्य अतिथि डॉ. प्रभात कुमार सिंह का स्वागत करते प्राचार्य राजेश त्रिपाठी।

# स्वास्थ्य शिविर में 982 मरीजों का परीक्षण

बकेवर। जनता कालेज में संस्थापक आनंद स्वरुप मिश्र की जयंती के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न रोगो से पीड़ित 982 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उन्हे दवा भी दी गई। बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग इस शिविर में अपना परीक्षण कराने के लिए पहुंचे। इस शिविर में 982 से अधिक मरीजो का निशुल्क परीक्षण किया गया। प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने पूर्व छात्र समिति के कार्यकारिणी सदस्यों, एन सीसी केडेट्स, एनएसएस के वॉलिंटियर छात्र छात्राओं सहित विभिन्न विभागों के छात्र छात्राओ एवं कॉलेज परिवार को धन्यवाद दिया।